आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 26.10.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक है।

2– प्रधानमंत्री ने अंबिकापुर में प्लास्टिक कचरे की सफाई के लिए शुरू की गई अनूठी पहल गार्बेज कैफे की सराहना की।

3– कांकेर जिले में इक्कीस माओवादियों ने हथियारों के साथ किया आत्मसमर्पण।

4– जांजगीर–चांपा जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने छह पटवारी समेत आठ जुआरियों को किया गिरफ्तार।

---------------

**मन की बात–01**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आकर भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। मैं छठी**

**मैया को नमन करता हूँ। सभी देशवासियों को, विशेषकर बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएँ देता हूँ।**

प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर – जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की।

**जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में बहुत उत्साह है। इस बार त्योहारों में एक और सुखद बात देखने को मिली। बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। मैंने अपने पत्र में खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करने का भी आग्रह किया था, इस पर भी लोगों ने बहुत सकारात्मक रुख दिखाया है।**

**मन की बात–02**

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के प्रयासों से संबंधित देश के विभिन्न शहरों की कुछ प्रेरक कहानियों का उल्लेख किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में प्लास्टिक कचरे की सफाई के लिए शुरू की गई अनूठी पहल का हवाला दिया। श्री मोदी ने कहा कि अंबिकापुर में कचरा कैफे चलाए जा रहे हैं, इनमें  लोगों को प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट भोजन दिया जाता है।

**स्वच्छता और स्वच्छता के प्रयास, इस पर भी मुझे ढ़ेर सारे संदेश मिले हैं। मैं आपसे देश के तीन अलग–अलग शहरों की ऐसी गाथाएं साझा करना चाहता हूँ जो बहुत प्रेरणादायक हैं। छतीसगढ़ के अम्बिकापुर में शहर से प्लास्टिक कचरा साफ करने के लिए एक अनोखी पहल की गई है। अम्बिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफे हैं, जहाँ प्लास्टिक कचरा लेकर जाने पर भरपेट खाना खिलाया जाता है। अगर कोई**

**व्यक्ति एक किलो प्लास्टिक लेकर जाए उसे दोपहर या रात का खाना मिलता है और कोई आधा किलो प्लास्टिक ले जाए तो नाश्ता मिल जाता है। ये कैफे अम्बिकापुर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन चलाता है।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के शांति नगर में 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा अंबिकापुर के 'गार्बेज कैफे' और भारतीय नस्ल के श्वानों की उपलब्धि का विशेष उल्लेख किए जाने पर इसे पूरे प्रदेश के लिए सम्मान बताया।

**<u>मन की बात–गार्बेज कैफे</u>**

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में अंबिकापुर के गार्बेज कैफे का विशेष रूप से जिक्र होने पर अंबिकापुर सहित प्रदेश के लोगों को गर्व और खुशी की अनुभूति हुई है। यह कैफै अपनी अनूठी पहल के लिए देशभर में एक नई पहचान बना चुका है। 'गार्बेज कैफे' की प्रभारी ज्ञान लता कुजूर ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को भरपेट भोजन खिलाना और शहर को साफ–सुथरा बनाना है।

गौरतलब है कि प्रदेश में संचालित यह पहल स्वच्छता, पुनर्चक्रण और सामाजिक संवेदना का अद्‌भुत उदाहरण बन चुकी है।

**<u>माओवादी–आत्मसमर्पण</u>**

कांकेर जिले में आज इक्कीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें तेरह महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन माओवादियों पर कुल पच्चासी लाख रूपए का इनाम घोषित था। उप

मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि ये सभी माओवादी केशकाल डिवीजन के कुएमारी और किसकोडो एरिया कमेटी में सक्रिय थे। इनमें डिवीजन कमेटी सेक्रेटरी सहित चार डिवीजन वाइस कमेटी मेंबर, नौ एरिया कमेटी मेंबर और आठ पार्टी सदस्य हैं।

## जुआरी–गिरफ्तार

जांजगीर–चांपा जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर छह पटवारी समेत आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में पटवारी संघ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ज्योतिष सर्वे भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चालीस हजार रूपए नगद सहित छह मोबाइल, दो कार और दो दुपहिया वाहन को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## ''तिलहन कृषक मेला सह सम्मेलन''

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ कृषि उपज मंडी परिसर में ''तिलहन कृषक मेला सह सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। इस मौके पर राजस्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य पर अग्रसर हैं। इस दिशा में दलहन–तिलहन का अधिक उत्पादन देश को खाद्य तेल के आयात से मुक्ति दिलाएगा और आर्थिक आत्मनिर्भरता मजबूत करेगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों और हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**छठ पर्व**

छठ महापर्व का आज दूसरा दिन है। इसे खरना के नाम से जाना जाता है। व्रत के तीसरे दिन कल सोमवार को विभिन्न नदियों और जलाशयों के किनारे स्थित छठ घाटों पर अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। अट्ठाईस अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व का समापन होगा। छठ पर्व के लिए राजधानी रायपुर के महादेवघाट के साथ ही विभिन्न तालाबों में विशेष इंतजाम किए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए छठ व्रत रखने वाली महिलाओं की भक्ति को प्रेरणादायक बताया है।

**संक्षिप्त समाचार**

– राज्य सरकार ने बस्तर जिले के ग्राम फरसागुड़ा के रूपसिंह मंडावी को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष पर नियुक्त किया है।

– छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर एक नवंबर को राज्य शासन ने शैक्षणिक संस्थाओं में अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अनुरेखक भर्ती परीक्षा का आज आयोजन किया गया। इस परीक्षा में सात सौ इकहत्तर परीक्षार्थियों में से चार सौ नब्बे परीक्षा उपस्थित रहे।

और

– कोरबा जिले की एसईसीएल गेवरा परियोजना में आज ट्रेन से लोडर के टकरा जाने से एक लोडर चालक की मौत हो गई।